# प्रेसनोट

(दिनांक 01.07.2023)

दिनांक 30.06.2023 को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग हरिद्वार में निवर्तमान मा0 अध्यक्ष डॉ0 राकेश कुमार के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आयोग के मा0 अध्यक्ष प्रो0(डॉ0)जे0एम0एस0राणा तथा मा0 सदस्यगण डॉ0 रविदत्त गोदियाल, श्री अनिल राणा, श्रीमती नन्दी राजू श्रीवास्तव व डॉ0ऋचा गौड़ सहित आयोग के सचिव, विधि सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक, उपसचिव व अन्य समस्त अधिकारीगण व कार्मिकगण उपस्थित रहे। समारोह के प्रारंभ में मा0 सदस्य डॉ0ऋचा गौड़ द्वारा मुख्य अतिथि व निवर्तमान मा0 अध्यक्ष डॉ0 राकेश कुमार के सम्मान में, "सम्मान पत्र" का वाचन किया गया। आयोग के मा0 अध्यक्ष व अन्य मा0सदस्यगण द्वारा भी निवर्तमान मा0 अध्यक्ष के कार्यकाल के संबंध में अपने अनुभव साझा किए गये। आयोग के मा0 अध्यक्ष द्वारा अपने उद्‌बोधन में मुख्य अतिथि के कार्यकाल को अविस्मरणीय व प्रेरणादायी बताते हुए आभार व्यक्त किया गया। मुख्य अतिथि व निवर्तमान मा0 अध्यक्ष डॉ0 राकेश कुमार द्वारा आयोग के कार्य को अत्यन्त महत्वपूर्ण व संवेदनशील बताते हुए सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया। मुख्य अतिथि को आयोग की तरफ से प्रतीक चिह्न व भेंट प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। समारोह के अन्त में सचिव श्री गिरधारी सिंह रावत द्वारा सभी गणमान्य महानुभावों का उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**-Sd-**

( गिरधारी सिंह रावत )

सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग।